परिवहन वायुयान प्रभाग
हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड
कानपुर :- 208 008, भारत
फैक्स :- 0512-2450085

TRANSPORT AIRCRAFT DIVISION
HINDUSTAN AERONAUTICS LIMITED
KANPUR - 208008, INDIA
Ph. No. :0512-2451749-58

## डिग्री/डिप्लोमा के अप्रेन्टिश प्रशिक्षण के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

# नोटिस

## तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान परिवहन वायुयान प्रभाग कानपुर

### शिक्षुता अधिनियम 1961 के अधीन इंजीनियरिंग ग्रेजुएट (चार/तीन वर्षीय तकनीकी) एवं डिप्लोमा इंजी0 (तीन/दो वर्षीय तकनीकी) शिक्षुओं का चयन

हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड, परिवहन वायुयान प्रभाग कानपुर में तकनीकी डिग्री/डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शिशिक्षु अधिनियम 1961 के तहत, शिक्षुता प्रशिक्षण करने हेतु वर्ष 2021–22 के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। जिसके लिए आवेदन पत्र दिनांक– **16/06/2021 से 30/06/2021** तक आमंत्रित हैं। अभ्यर्थी अपना आवेदन–पत्र दिनांक– **30/06/2021** तक **तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, हिन्दुस्तान एंरोनॉटिक्स लिमिटेड, परिवहन वायुयान प्रभाग, कानपुर–208008 (उ.प्र.)** के कार्यालय में जमा करें या डाक द्वारा भेजें।

आवेदन प्रत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त समझा जायेगा।

| क्रम. सं. | व्यवसाय | डिग्री व्यवसाय | डिप्लोमा व्यवसाय |
|---|---|---|---|
| 1. | मैकेनिकल इंजी. | संबन्धित शाखा में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 4 वर्षीय बी.टेक. | संबन्धित शाखा में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 3 वर्षीय डिप्लोमा |
| 2. | इलेक्ट्रिकल इंजी. | | |
| 3. | सिविल इंजी. | | |
| 4. | इलेक्ट्रानिक्स इंजी. | | |
| 5. | केमिकल इंजी. | | |
| 6. | कम्प्यूटर साइंस इंजी. | | |
| 7. | एरोनाटिकल/ए.एम.ई. इंजी. | | |
| 8. | लाइब्रेरी साइंस | संबन्धित शाखा में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 1 वर्षीय लाइब्रेरी साइंस | संबन्धित शाखा में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 2 वर्षीय लाइब्रेरी साइंस |
| 9. | फार्मेसी | --- | संबन्धित शाखा में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 3 वर्षीय फार्मेसी |
| 10. | एम.ओ.एम. एंड एस.पी. | --- | एम.ओ.एम. एंड एस.पी. में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 2 वर्षीय डिप्लोमा |

परिवहन वायुयान प्रभाग
हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड
कानपुर :- 208 008, भारत
फैक्स :- 0512-2450085

TRANSPORT AIRCRAFT DIVISION
HINDUSTAN AERONAUTICS LIMITED
KANPUR - 208008, INDIA
Ph. No. :0512-2451749-58

आवेदन प्रत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त समझा जायेगा।

**आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक प्रमाण पत्र :–**

(क) अप्रेन्टिस पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए ई मेंल कॉपी।

(ख) हाईस्कूल अंक–पत्र एवं प्रमाण–पत्र स्व–प्रमाणित फोटो प्रति।

(ग) तकनीकी बोर्ड द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा अन्तिम मूल अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति।

(घ) यदि आप अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. समुदाय या ई. डब्ल्यू एस. (आर्थिक दृष्टि से दुर्बल) की श्रेणी में आते हैं तो अपने जिले के सक्षम प्रार्थिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र (ई.डब्ल्यू. एस. को छोड़कर) जो दिनाँक 01/07/2018 से पूर्व का न हो, की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें।

(ड.) निवास प्रमाण–पत्र (01/07/2018 से पूर्व का न हो) जिलाधिकारी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रदत्त एवं उसकी स्व–प्रमाणित फोटो प्रति।

(च) अन्य उच्च योग्यता प्रमाण–पत्र (इण्टरमीडिएट आदि यदि कोई हो) की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति।

(छ) ब्रान्च/ट्रेड में अनुभव का प्रमाण–पत्र यदि कोई हो।

**आयु सीमा :–**

दिनाँक 01/07/2021 को सामान्य उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 27 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार के लिए 03 वर्ष, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार के लिए 05 वर्ष की छूट है।

दिव्यांग कैटेगरी (न्यूनतम दिव्यंगता प्रतिशत 40%)अभ्यर्थियों को 10 वर्ष की छूट (15 वर्ष, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार के लिए तथा 13 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार के लिए) है।

**चयन प्रक्रिया–**

1. शिशिक्षुओं का चयन 100 प्रतिशत मेरिट चयन संबन्धित ब्रांच के आधार पर होगा। मेरिट लिस्ट तकनीकी डिग्री/डिप्लोमा की परीक्षा में कुल प्राप्त अंकों का 100% Weightage के आधार पर बनाई जायेगी।
2. आरक्षण अप्रेंटिसशिप अधिनियम के अनुसार लागू होगा।
3. CGPA Grade अंक में बदलकर लिखे। केवल CGPA Grade वाले आवेदन–पत्र निरस्त कर दिये जायेगे।
4. आरक्षित वर्ग का प्रमाण–पत्र न होने पर अभ्यर्थी को सामान्य वर्ग में माना जायेगा।
5. फोटो कॉपी स्पष्ट न होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
6. किसी भी प्रकार की सिफारिश अथवा अनुचित दबाव डालने पर आपका आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।



www.hal-india.com

7. वर्ष 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 के उत्तीर्ण डिग्री/डिप्लोमा अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

## उम्मीदवारो के लिए सामान्य निर्देश–

1. एच.ए.एल. कानपुर द्वारा प्रस्तावित आवेदन पत्र 2021–22 का प्रारूप ही मान्य होगा।
2. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त करने के लिए www.mhrdnats.gov.in पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करें तथा आवेदन पत्र में रजिस्ट्रेशन नंबर लिखे।
3. एच.ए.एल. में सेवारत, सेवानिवृत्त, मृतक कर्मचारियों के आश्रितों (बच्चे और पत्नी) को कर्मचारी का विवरण संबन्धित प्रभाग के मानव संसाधन अधिकारी से संलग्न प्रारूप पर प्रमाणित कराकर भेजना होगा।
4. मूल प्रमाण पत्र संलग्न न करें, केवल उसकी स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. उम्मीदवार आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर अवश्य करें।
6. अपूर्ण आवेदन–पत्र या उम्मीदवार के हस्ताक्षर के बिना आवेदन–पत्र अस्वीकृति कर दिये जायेगें।
7. चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए आवेदकों को कोई टीए/डीए (यात्रा भत्ता) नहीं दिया जाएगा।
8. सत्यापन प्रक्रिया के दौरान यदि आवश्यक हो तो आवेदकों को ठहरने के लिए अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
9. एच.ए.एल. कम्पनी किसी पोस्टल विलम्ब/गलत डिलीवरी या पोस्टल नोटिस ट्रांजिट में गुम हो जाने के कारण आवेदन पत्र प्राप्त न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
10. प्रशिक्षण लेने वाले उम्मीदवारों को अप्रैंटिसशिप अधिनियम के अनुसार वृत्तिका (Stipend) दिया जाएगा। शिक्षुता प्रशिक्षण अवधि केवल एक वर्ष की होगीं। वर्तमान में डिग्री शिशिक्षुओं की वृत्तिका (Stipend) Rs.4984/- एवं डिप्लोमा शिशिक्षुओं की वृत्तिका (Stipend) Rs.3542/- है।
11. प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अप्रैंटिसशिप करार को समाप्त कर दिया जाएगा और एच.ए.एल. कम्पनी उन्हे किसी भी प्रकार का रोजगार देने के लिए बाध्य नहीं होगी।
12. तथ्यों को छिपाने के कारण चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
13. जो अभ्यर्थी शिक्षुता अधिनियम 1961 के तहत किसी भी संस्थान से प्रशिक्षण कर रहे हैं/कर चुके हैं/पंजीकृत हैं अथवा सविंदा समाप्त कर चुके हैं, चयन प्रक्रिया के योग्य नहीं हैं।
14. ऐसे अभ्यर्थी जो प्रशिक्षण हेतु सविंदा निष्पादन के दिन अपनी डिग्री/डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण किए हुये 03 वर्ष पूरी कर चुके हैं वें अभ्यर्थी शिशिक्षु अधिनियम 1961 के तहत शिक्षुता प्रशिक्षण करने हेतु पात्र नहीं होंगे।
15. एक वर्ष या उससे अधिक का कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के योग्य नहीं हैं।
16. पत्राचार के माध्यम से तकनीकी डिग्री/डिप्लोमा किए हुये अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के योग्य नहीं है।
17. किसी भी रूप में कनवेसिंग को अयोग्यता माना जायेगा।
18. एच.ए.एल. प्रबन्धन के पास विज्ञापन/या चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित हैं।

19. चयन के सम्बन्ध में एच.ए.एल. प्रबन्धन का निर्णय अंतिम होगा।

20. यदि कोई झूठी सूचना या किसी वास्तविक सूचना को छिपाना पाया जाता है तो आवेदन पत्र/शिक्षुता प्रशिक्षण किसी भी समय बिना किसी सूचना के निरस्त किया जा सकता है।

21. एच.ए.एल. के पास चयन प्रक्रिया की तिथि कार्यक्रम को बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निर्धारित तिथियों में यदि कोई परिवर्तन होता है तो वह एच.ए.एल. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा।

22. अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची एच.ए.एल. नोटिस बोर्ड/व्यक्तिगत पत्र द्वारा सूचित किया जायेगा।

23. अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को अपने जिले के मुख्यचिकित्सा अधिकारी/चिकित्सा अधिकारी/सहायक सर्जन (राजपत्रित) के नीचे का न हो, द्वारा चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रशिक्षण प्रारम्भ करने से पूर्व प्रस्तुत करना होगा।

24. अभ्यर्थियों को अपने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपना चरित्र प्रमाण पत्र का सत्यापन करवाकर प्रशिक्षण के पूर्व जमा करना होगा।

25. शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को सत्यापन के दौरान निम्नलिखित मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने आवश्यक होगें–

(क) हाईस्कूल या उसके समकक्ष परीक्षा का अंक पत्र।
(ख) डिप्लोमा या डिग्री परीक्षा के प्रत्येक सेमेस्टर के अंक पत्र/समेकित अंक पत्र।
(ग) आरक्षित श्रेणी के साक्ष्य के रूप में दिया जाने वाला प्रमाण पत्र (एससी/एसटी/ओबीसी/पीएच/ई.डब्ल्यू.एस.)।
(घ) एच.ए.एल. में सेवारत/सेवानिवृत्त/मृत कर्मचारियों के आश्रितों को अपना अभ्यावेदन मानव संसाधन विभाग से अग्रसारित करवाकर जमा करना होगा।
(ङ) अप्रेन्टिस पंजीकरण संख्या की ई मेल कॉपी।
(च) 01/07/2018 के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया निवास प्रमाण पत्र।

तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान में आवेदन पत्र डाक द्वारा प्राप्ति की अंतिम तिथि- 30/06/2021 (आवेदन प्रारूप एचएएल वेबसाइट www.hal-india.co.in/Career पर उपलब्ध है।)

नोट:- आवेदन पत्र साधारण डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्नलिखित पते पर भेजें। प्रशिक्षण विभाग में आवेदन पत्र हाथ द्वारा स्वीकार नही. किए जाएंगे।

मुख्य प्रबन्धक (प्रशिक्षण)
हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड
परिवहन वायुयान प्रभाग,
डाकघर – चकेरी,
जिला – कानपुर, पिन-208008

प्रबन्धक–(प्रशिक्षण)

मुख्य प्रबंधक (प्रशिक्षण)

परिवहन वायुयान प्रभाग
हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड
कानपुर :- 208 008, भारत
फैक्स :- 0512-2450085

TRANSPORT AIRCRAFT DIVISION
HINDUSTAN AERONAUTICS LIMITED
KANPUR - 208008, INDIA
Ph. No. :0512-2451749-58

# आवेदन पत्र के साथ संलग्न के लिये प्रपत्र की जाँच सूची

| क्रम सं. | आवश्यक प्रमाण–पत्र | हाँ/नहीं |
|---|---|---|
| 1. | अप्रेन्टिस पंजीकरण संख्या को दर्शाते हुए ई मेंल कॉपी। | |
| 2. | हाईस्कूल अंक–पत्र एवं प्रमाण–पत्र स्व–प्रमाणित फोटो प्रति। | |
| 3. | तकनीकी बोर्ड द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा अन्तिम मूल अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति। | |
| 4. | यदि आप अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. समुदाय या ई. डब्ल्यू एस. (आर्थिक दृष्टि से दुर्बल) की श्रेणी में आते हैं तो अपने जिले के सक्षम प्रार्थिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र (ई.डब्ल्यू.एस. को छोड़कर) जो दिनाँक 01/07/2018 से पूर्व का न हो, की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें। | |
| 5. | निवास प्रमाण–पत्र (01/07/2018 से पूर्व का न हो) जिलाधिकारी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रदत्त एवं उसकी स्व–प्रमाणित फोटो प्रति। | |
| 6. | आधार कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी। | |
| 7. | पैन कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी। | |
| 8. | अन्य उच्च योग्यता प्रमाण–पत्र (इण्टरमीडिएट आदि यदि कोई हो) की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति। | |
| 9. | ब्रान्च/ट्रेड में अनुभव का प्रमाण–पत्र यदि कोई हो। | |

शिशिक्षु के हस्ताक्षर

www.hal-india.com

हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड
परिवहन वायुयान प्रभाग, कानपुर

3.5*2.5 से.मी. की हाल की फोटो चिपकायें

**एच.ए.एल. टी.ए.डी. कानपुर में अप्रैंटिसशिप प्रशिक्षण (2021-22) के लिए डिग्री / डिप्लोमा उम्मीदवारों के चयन हेतु आवेदन (अन्तिम तिथि 30/06/2021)**

| क्रम. सं. | विवरण | ब्योरा | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ओ.ए.टी. द्वारा जारी एम.एच.आर.डी. सं. | | | |
| 2. | आधार कार्ड सं. (स्व-साक्ष्यांकित) | | | |
| 3. | पैन कार्ड सं. (स्व-साक्ष्यांकित) | | | |
| 4. | आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | | | |
| 5. | पिता/पति का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | | | |
| 6. | माता का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | | | |
| 7. | जन्म तिथि (हाईस्कूल/एसएससी प्रमाण पत्र की स्व-साक्ष्यांकित प्रति संलग्न करें) | दिन / माह / वर्ष<br>___ /___ /____ | 01/07/2021 को आयु<br>___वर्ष __ माह___दिन | लिंग (पुरुष/महिला) |
| 8. | हाईस्कूल (अंक तालिका/प्रमाणपत्र की स्व-साक्ष्याकिंत प्रति सलंग्न करें) सीजीपीए ग्रेड को अंको और प्रतिशत में बदल कर लिखें। | प्राप्त अंक ________ कुल अंक _________ प्रतिशत(%)_______ | | |
| 9. | डिग्री/ डिप्लोमा (अंक तालिका/ प्रमाणपत्र की स्व-साक्ष्याकिंत प्रति सलंग्न करें) सीजीपीए ग्रेड को अंको और प्रतिशत में बदल कर लिखें। | प्राप्त अंक ________ कुल अंक _________ प्रतिशत(%)_______ | | |
| 10. | डिग्री/डिप्लोमा की ब्रांच और पास करने का वर्ष | | | |
| 11. | श्रेणी (सामान्य/ ओबीसी/ एससी/ एसटी/ पीएच/ पूर्व सैनिक) | | | |
| 12. | क्या ओबीसी/एससी/एसटी/पीएच/पूर्व सैनिक श्रेणी से हैं? (01-07-2018 के बाद जारी किए गए प्रमाणपत्र की स्व-साक्ष्यांकित प्रति संलग्न करें) | संगत प्रमाण पत्र<br>हाँ ☐ नहीं ☐ | | |
| 13. | 01-07-2018 के बाद जारी किए गए अधिवास प्रमाणपत्र की स्व साक्ष्यांकित प्रति संलग्न करें। | अधिवास प्रमाण पत्र<br>हाँ ☐ नहीं ☐ | | |
| 14. | स्थायी पत्र-व्यवहार का पता<br>(स्पष्ट अक्षरो में)<br>पिन कोड अनिवार्य है | <br><br><br>पिन कोड:- | | |
| 15. | सम्पर्क | मोबाइल –<br>वैकल्पिक मोबाइल -<br>ई-मेल - | | |

मै, एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सूचना मेरी जानकारी के अनुसार सही है।

दिनांक : .........................

स्थान: ..........................

बायें अंगूठे का निशान

आवेदक का हस्ताक्षर